हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 3 फरवरी 2025



# जिला पंचायत की 13 सीट के लिए 48 ने भरा फार्म, नामांकन का आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत आम चुनाव को लेकर जिला पंचायत की 13 सीटों के लिए अभी तक 48 अभ्यर्थियों ने अपना नाम-निर्देशन पत्र दाखिल कर दिया है। वहीं कुल 71 अभ्यर्थी द्वारा नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया है। कल 3 फरवरी को नामांकन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि है। ग्रामीण नेताओं ने कल अंतिम दिन थोक में फार्म जमा करने की तैयारी की है।

जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा के लिए दीपकबाई चंद्रकाम, वैजंत्रीदेवी साण्डे, किरण बारले, मधु बघेल, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 लिटिया के लिए रामकुमारी देवांगन, शीला सिन्हा, चित्रलेखा वर्मा, कविता साहू, ललिता साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3 टेड़ेसरा के लिए संजय कुमार यादव, अंगेश्वर कुमार देशमुख, भागवत दास साहू, धनेन्द्र कुमार साहू, चंद्रिक प्रसाद तिवारी, रमेश कुमार पांडे, संतोष कुमार देशमुख, मधुकर बंजारे, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4 सिंघोला के लिए मधुबाला देशमुख, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 अर्जुनी के लिए इंदुमती साहू, भोजेश्वरी साहू, विमल साहू, रिता नाहटा, क्षेत्र क्रमांक 6 आसरा जागृति यदु, नीलम साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 तुमड़ीबोड़ के लिए महेन्द्र कुमार यादव, निर्मला सिन्हा, होमदत वर्मा, रामनाथ वर्मा, दीपक कुमार सिन्हा, महेन्द्र वैष्णव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8 बेलगांव के लिए कविता अग्रवाल, अनिता तिवारी, पुष्पा वर्मा, किरण साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 राका के लिए प्रशांत कोडापे, प्रभाबाई साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्र. 10 बोरतलाब के लिए रामछतरीबाई चंद्रवंशी, अनिता ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 11 बम्हनी चारभाठा में बिरमबाई मंडावी, अश्वनी मंडलोई, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला के लिए डॉ. प्रकाश शर्मा, किरण वैष्णव, गिरधारी धनेश, हीरेन्द्र कुमार साहू, किरण साहू, राजकुमारी सिन्हा, चुम्मनलाल साहू ने नाम-निर्देशन पत्र जमा किया। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 कुमर्दा के लिए प्रताप सिंह धावड़े ने नाम-निर्देशन पत्र जमा किया।

## नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम अवसर, कई सीटों पर मचेगा घमासान

### बगावत के आसार

जिला पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, लेकिन नामांकन जमा करने के अंतिम दिन के पहले आज पर्यन्त तक कांग्रेस ने सूची जारी नहीं की है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि पंचायत चुनाव में कांग्रेस में जबर्दस्त बगावत की स्थिति निर्मित होगी।



### पांच को साफ होगी चुनाव की तस्वीर

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कल 3 फरवरी को नामांकन दाखिले की प्रक्रिया के पूरी होने के बाद नाम वापसी का दौर शुरू हो जाएगा। 5 फरवरी को दोपहर तीन बजे तक इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद चुनाव चिन्ह का आबंटन होगा। इसके साथ ही चुनावी तस्वीर साफ हो जाएगी।

### 55 पंच पद के लिए नामांकन नहीं, आज अंतिम मौका

जिले में पंच के कुल 1612 पदों पर चुनाव होने है, लेकिन आज पर्यन्त तक 1557 पदों के लिए 2912 नामांकन दाखिल हुए हैं। 55 पंच के पदों में एक भी फार्म जमा नहीं हुए है। वहीं सरपंच के 110 पद के लिए 479 अभ्यर्थी मैदान में उतरे हैं। वहीं जनपद पंचायत के कुल 25 पदों के लिए अभी तक 102 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन जमा किया है।

## कांग्रेस संगठन और विधायक आमने-सामने, इस्तीफे तक की धमकी

# प्रत्याशी चयन की बैठक में तेरा-मेरा के चक्कर में बवाल, जिपं की सूची अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत के प्रत्याशियों का पैनल तैयार करने आयोजित कांग्रेस की बैठक में जमकर बवाल हुआ। जीत की संभावना की अनदेखी कर अपनों को उपकृत करने के चक्कर में एक विधायक ने तो त्यागपत्र देने तक की धमकी दे डाली। वहीं एक अन्य विधायक कार्यकर्ताओं की भावनाओं के विलग जाकर टिकट दिलाने की जुगत में है। इसी प्रकार एक विधायक पूर्व विधायक की पत्नी को किसी भी सूरत में टिकट नहीं देने के लिए अड़ गया था। विधायकों की हठधर्मिता के आगे संगठन के आला नेता मौन साधकर पूरा तमाशा देखते रहे। विधायकों के इस रूख से निष्ठावान कार्यकर्ता हताश, निराश और आक्रोशित हैं। जिसका सीधा असर त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में उठाना पड़ सकता है।

जानकारी के अनुसार जिला पंचायत के प्रत्याशियों का पैनल बनाने के लिए बीते दिनों एबीस ग्रीन होटल में कांग्रेस नेताओं की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में शामिल नेता बेहतर प्रत्याशी चयन पर चर्चा करने के बजाय किसी को काटने और अपनों का नाम जोड़ने के लिए आपस में लड़ते-भिड़ते रहे। जानकारी के अनुसार सबसे अधिक विवाद डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने किया और उन्होंने दो बार के जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव को टिकट देने पर त्यागपत्र देने तक की धमकी तक दे डाला। जानकारी के अनुसार वह होमदत्ता वर्मा की पैरवी कर रहे थे। बैठक में पर्यवेक्षक पदम कोठारी ने बताया कि करीब 200 कार्यकर्ताओं में से 185 श्री यादव के पक्ष में है। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू व खनिज निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी श्री यादव के पक्ष में थे, किन्तु विधायक की हठधर्मिता को देखते जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक सात पर कोई निर्णय नहीं हो सका है। पता चला है कि इस क्षेत्र में किसी को अधिकृत नहीं करने का निर्णय संगठन ले सकता है।

## खैरागढ़ जिले में भी यही हाल, अटक गई सूची



### विधायक अपनों के लिए अड़े

जानकारी के अनुसार कुमरदा क्षेत्र के लिए मौजूदा जिला पंचायत सदस्य कांति भंडारी का नाम प्रमुखता से उभरा है। बीते दिनों कुमरदा में पर्यवेक्षक बलीराम साहू ने कार्यकर्ताओं की बैठक लिया था। जिसमें बहुसंख्यक कार्यकर्ताओं ने श्रीमती भंडारी का समर्थन किया, किन्तु विधायक भोलाराम साहू प्रताप धावड़े को टिकट दिलाने के लिए अड़े हुए हैं। श्री साहू कांग्रेस नेता चुम्मन साहू को भी अधिकृत करने के पक्ष में नहीं है। वहीं विधायक हर्षिता स्वामी बघेल इस बात पर अड़ी रही कि पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल की पत्नी मधु बघेल को किसी भी सूरत में अधिकृत न किया जाए। वह वैजंती सांडे का नाम आगे बढ़ा रही है। बताया जाता है कि कांग्रेस विधायक भविष्य में मिलने वाली चुनौती से बचने के लिए जीत की संभावना वालों को किनारे करते कमजोर के नाम आगे बढ़ा रहे हैं।

### पूर्व सीएम भूपेश भी नाराज

पता चला है कि बेहतर प्रत्याशियों की अनदेखी कर कमजोर को मैदान में उतारने के मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी बेहद नाराज हैं। बताया गया कि जिला में बैठक होने के बाद भिलाई स्थित पूर्व सीएम के आवास में बैठक आयोजित किया गया था। इस बैठक में विधायकों के अलावा नवाज खान, गिरीश देवांगन आदि शामिल हुए। इस बैठक में विधायक लड़ते-भिडंते रहे। विधायकों के रूख में जमीनी कार्यकर्ताओं में हताशा और आक्रोश फैलने लगा है। पता चला है कि कुछ निर्वाचन क्षेत्र के कार्यकर्ता और आमजन अपनी पसंद का प्रत्याशी नहीं मिलने पर बागी होने का मूड बना रहे हैं।

### कुछ नामों पर सहमति

सूत्रों ने बताया कि बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू को टेड़ेसरा से अधिकृत करने पर सहमति बन गई है। इसी प्रकार सिंघोला में मधुबाला देशमुख, लिटिया क्षेत्र में कविता साहू, गैंदाटोला में राजकुमारी सिन्हा, अर्जुनी में रीता नाहटा, आसरा में नीलम साहू, बोरतालाब में रामछत्री चंद्रवंशी और बेलगांव में पुष्पा वर्मा के नाम पर सहमति बन गई है।

## पाटेकोहरा बैरियर में विवाद, भड़का संगठन

# ड्राइवर से मारपीट से संघ नाराज बैरियर बंद करने का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के बार्डर पर बनाए गए पाटेकोहरा बैरियर में शनिवार रात ड्राईवर के साथ हुए मामले को लेकर अब ड्राइवर यूनियन ने भी मोर्चा खोल दिया है। ज्ञापन के माध्यम से मामले का विरोध जताते संघ ने कहा है कि बैरियर में आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही है। देशभर से आने वाले वाहन चालकों से बदसलूकी की जाती है। ऐसे में इस बैरियर को बंद कर दिया जाना चाहिए। संघ ने सात दिनों का अल्टीमेटम भी दिया है। ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि शनिवार रात को ड्राईवर छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर स्थित पाटेकोहरा राज्य परिवहन बैरियर पर ट्रक ड्राइवर से मारपीट का मामला सामने आया है। बताया गया कि ड्राइवर ने बैरियर पर अवैध वसूली और मारपीट करने का आरोप लगाकर विरोध किया। इसके बाद वाहन चालक ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मौके पर ही वाहन चालकों की भीड़ भी जुट गई थी। जिसके चलते डेढ़ से दो घंटे तक ट्रैफिक भी जाम रहा।

### वसूली के खिलाफ उग्र आंदोलन की तैयारी



### बचाने आए ड्राइवर से भी मारपीट

चिचोला चौकी प्रभारी से छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन द्वारा की गई शिकायत में यह भी कहा गया कि शनिवार शाम जब एक ड्राइवर से मारपीट की सूचना संगठन को पता चली। संगठन ने अपने लोगों को वहां जानकारी लेने के लिए भेजा था। इनमें से ही एक वाहन चालक के साथ भी पुलिस मित्र द्वारा बदसलूकी की गई। इतना ही नहीं उक्त वाहन चालक को जान से मारने की धमकी देने की बात भी शिकायत पत्र में कही गई है।

### अवैध वसूली से चालक परेशान

आरटीओ बेरियर संचालक को ज्ञापन के माध्यम से की गई शिकायत में यह भी कहा गया है कि यहां आए दिन ड्राइवरों से अवैध वसूली की जाती है। इतना ही नहीं देशभर से आने वाले वाहन चालकों से अभद्रता के साथ ही मारपीट की घटनाएं भी आम हो गई है। कागज पूरा होने के बाद भी ड्राइवरों से पैसे की मांग की जाती है। ऐसी लगातार शिकायतों को देखते हुए अगले सात दिनों के भीतर पाटेकोहरा चेकपोस्ट को बंद करने की मांग संघ द्वारा की गई है।

**मारपीट की गई :** संघ का आरोप है कि वाहन चालक के साथ मारपीट की गई है। जिससे उसके नाक से खून निकला है। शरीर के अन्य अंगों में भी चोंट के निशान मिले हैं। मारपीट से क्षुब्ध होकर चालक खुद पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या का प्रयास कर रहा था। इसी मामले में वाहन चालक नंदन दास ने चिचोला पुलिस चौकी में शिकायत भी की है।

# अवैध रूप से शराब बिक्री दो कोचिये पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार विशेष अभियान के तहत 2 फरवरी को मुखबीर से थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू को प्राप्त हुई कि 2 व्यक्ति पृथक-पृथक स्थानों पर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है।

### दो स्थानों पर दबिश

उक्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते आरोपी राहुल बैरागी 20 साल निवासी राजीव नगर को मोहारा बायपास के पास एवं आरोपी दिलेश्वर निवासी सिंगदई को मोहारा बजरंग नगर में अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने से दोनों से पृथक-पृथक कुल 22 पौवा एवं 18 पौवा देशी प्लेश शराब जुमला 40 पौवा कीमती 3,600 रुपए जब्त कर आरोपीगणों के आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# लूट के मामले में तीन सालों से फरार चल रहा आरोपी उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

लूट के मामले में तीन वर्षों से फरार आरोपी को पुलिस ने उत्तरप्रदेश के अयोध्या से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।


सूत्रों के अनुसार एसपी त्रिलोक बंसल के मार्गदर्शन में थाना छुईखदान प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर गेंदले एवं थाना गंडई प्रभारी निरीक्षक भीमसेन यादव के नेतृत्व में थाना छुईखदान के अपराध धारा 392, 411 भादवि एवं थाना गंडई के अपराध धारा 392, 34 भादवि के प्रकरण में फरार आरोपी अवधराम ध्रुव की गिरफ्तारी के लिए टीम तैयार कर अयोध्या (उत्तरप्रदेश) रवाना किया गया था। अयोध्या (उत्तरप्रदेश) से आरोपी अवधराम ध्रुव 39 साल साकिन ग्राम सिंगपुर पुलिस चौकी खंडसरा थाना बेमेतरा को हिरासत में लिया गया। आरोपी अवधराम ध्रुव के विरूद्ध अपराध धारा का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

## माय एंगल















# कार्यकर्ता सम्मलेन में विधायक बोहरा हुई शामिल, किया संबोधित

## निकाय चुनाव की तैयारियों के लिए कार्यकर्ताओं का किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार प्रसार तेज हो चुके हैं। जगह-जगह चुनावी सभा हो रही है तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन के माध्यम से चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भर रहें हैं। आज नगर पंचायत इंदौरी में भी भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया, जिसमें पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने बाइक रैली के माध्यम से प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार किया।



वहीं सम्मलेन में संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन भी किया। उन्होने सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से भाजपा को विधानसभा और लोकसभा में ऐतिहासिक जीत मिली है। आज आप जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य, सहयोग, समर्पण से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। आप सभी कार्यकर्ताओं ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य किया, जनता के घरों तक जाकर प्रचार किया, भाजपा की रीति-नीति से जन-जन को अवगत कराया उसका सार्थक परिणाम हमें प्रदेश व केंद्र में दिखने को मिला।

एक बार पुनः उसी उत्साह, जोश व जूनून के साथ सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विकास पथ में हम सभी अग्रसर होकर जन-जन के घरों तक पहुंचे। प्रदेश के विकास के बाद अब हर गांव और नगर के विकास की जिम्मेदारी आप सभी पर है। यहां भाजपा का हर कार्यकर्ता प्रत्याशी है और हमें उसी उद्देश्य के साथ नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा विजयी बनाएं।

## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से कैलाश चंद्रवंशी को टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह



**हरिभूमि कोलेगांव।** कबीरधाम जिला से जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 से जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्याशी घोषित किया गया है, जिनकी राजनीतिक पिछले 20 वर्षो से सक्रिय व पार्टी एवं संगठन के लिए कड़ी मेहनत करते हुए दायित्व निभा रहे हैं, इससे पहले मंडल अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारणी सदस्य जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा जिला उपाध्यक्ष व सक्रिय रहते हुए पार्टी के प्रति संगठन को मजबूत किया। आज इसी विश्वास के चलते क्षेत्र क्रमांक 10 से कैलाश चंद्रवंशी को पार्टी एवं संगठन द्वारा अधिकृत किया गया है। जिला पंचायत सदस्य 10 से प्रत्याशी बनाया गया, जिससे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह व खुशी का माहौल बना हुआ है। जिस पर कार्यकर्ता बलदाऊ चंद्रवंशी, रमेश बाबूराम, कपिल, प्रकाश, रोहित, बबलू, संजय, लोकनाथ, दीपचंद, पप्पू, मोहन व उत्तरा साहू तथा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# पांच दिवसीय श्रीरामचंद्र मानस सम्मेलन का भव्य आयोजन 6 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत पेंड्रीकला स्थित श्रीशिव मंदिर एवं मां दुर्गा-काली मंच प्रांगण में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी रामचरित मानस कथा प्रवचन का आयोजन 24वां वर्ष श्री रामचंद्र भगवान की असीम कृपा से पांच दिवसीय प्रवचन मानस सम्मेलन का भव्य आयोजन 06 से 10 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। जिसमें कथा वाचक पं डॉ रामगोपाल तिवारी (मानस रत्न बांदा उत्तरप्रदेश चित्रकूट) द्वारा ग्राम पेंड्रीकला व आसपास क्षेत्रवासियों को श्रीरामचंद्र की कथा सुमधुर वाणी से रसपान कराया जाएगा। जिसमें सभी धर्मप्रेमी को श्रीराम कथा के रस रसिक सहृदय सुधीजन भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र की अकारण करुणारूपी, जगत जननी जगदंबा मां जानकी एवं ग्राम के सभी देवी-देवताओं की कृपा स्वरूप पांच दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा वहीं इस पांच दिवसीय कार्यक्रम की तैयारियों जोर शोर से ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। जिसमें आचार्य पं लवलेश शर्मा, पं शिवानंद तिवारी व आयोजक समिति महादेव चंद्राकर, नाथूराम चंद्राकर, रामकुमार गुप्ता एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न होगा।



## टमाटर के दाम हुई सस्ती, आम नागरिको का बढ़ा जायका



**हरिभूमि कवर्धा।** पिछले दो महिने पहले टमाटर 40 से 50 रूपए प्रतिकिलो के भाव से बिकने वाला टमाटर अब सस्ती हुई है वहीं शहर व क्षेत्र में 5 से 7 रूपए प्रतिकिलो बिक रही है। टमाटर के दामों में आई गिरावट व सस्ती से लोगों की रसोई का बजट सुधर ही गया है साथ ही साथ खाने-पीने के बीचों में भी आम नागरिकों का जायका बढ़ गया है। मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों लोकल बाड़ियों से देशी टमाटर की आवक अच्छी व कीमत में गिरावट आ गई है वहीं दामों में गिरावट व सस्ती हेने के बाद एक बार फिर टमाटर आम आम नागरिकों तक पहुंच रही है। और ठंड के मौसम में जमकर ग्रामीण व शहरवासी चटनी का लुप्त उठा रहें है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071



## निर्दलियों ने बढ़ाया दलों की परेशानियां

# चुनावी सरगर्मी बढ़ी, कुछ खुश तो कुछ रुठकर दे रहे चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पालिका चुनाव में भाजपा और कांग्रेस की लड़ाई के बीच निर्दलियों ने मैदान में आकर मुकाबले का दिलचस्प बना दिया है। भाजपा जहां केन्द्र और प्रदेश सरकार के साथ विकास के मुद्दे को जनता के बीच जाने की तैयारी में है तो कांगेस एक साल में विकास के नाम पर हुए भ्रष्टाचार को उछाल रही है। वहीं निर्दलीय भी भ्रष्टाचार मुक्त शहर बनाने का दावा कर रहे हैं। चुनाव में निर्दलियों की संख्या अधिक है जो टिकट नही मिलने के बाद नाराज होकर मैदान में उतरे हैं। इस चुनाव में निर्दलियों से दोनो दल को नुकसान होने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार पालिका चुनाव में गुटबाजी तेजी से उभर रही है। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता ने अपने परिवार के सदस्यों को मैदान में उतरने में रोकने से नकाम रहे है। वहीं कांग्रेस भी बागियों को मनाने में सफल नही हो सकी है। कुछ अभ्यर्थियों ने नाम वापस जरूर ले लिया है कि भीतरघात होने की आशंका अभी भी बनी हुई है।

### महेन्द्र के पक्ष में भाजपाई लामबंद



**कलकसा।** जिला पंचायत क्रमांक 7 तुमड़ीबोड़ से बीजेपी से दावेदार रहे महेंद्र वैष्णव को टिकट नहीं मिलने से उनके समर्थक सहित ग्रामीणों में काफी नाराज है। श्री वैष्णव ने क्षेत्र में वर्षो से सक्रिय हैं। वह बीते सालों में पंच से जिला संरक्षक भाजपा का दायित्व संभाल चुके हैं इसके बाद भी टिकट नहीं मिलना समझ से परे है। उन्हे टिकट देने की मांग को लेकर गत दिनों पार्टी के कार्यकर्ता, बूथ प्रभारी एवं ग्राम प्रमुख, मूलचंद लोधी, जयपाल सिन्हा, रामचरण वर्मा, सरपंच ताराचंद नेताम सहित 25 गांव के कार्यकर्ताओ ने गत दिनों भाजपा कार्यालय पहुंचकर अपना पक्ष रखा। सभी ने एक स्वर में कहा कि उन्हे टिकट नहीं देकर अन्य को चुनाव लड़ाया गया तो उसे विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

### किरण ने भरा नामांकन



**छुरिया।** जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष किरण रविंद्र वैष्णव ने कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में नामांकन जमा किया है। श्रीमती वैष्णव के भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी बनने से कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। नामांकन दाखिले के दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल, एमडी ठाकुर, मूलचंद लोधी, रविंद्र वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे।

## भारत मंडपम में सरगुन सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भारत मंडपम में आयोजित विकसित भारत अभियान 2047 में खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ की पूर्व छात्रा सरगुन कौर भाटिया को सम्मानित किया गया। सरगुन कौर भाटिया पिता अमरदीप सिंग भाटिया ने विकसित भारत अभियान 2047 द्वारा आयोजित प्रस्तुतीकरण में प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्राप्त किया।

यह आयोजन प्रश्नमंच एवं निबंध लेखन के रुप में किया गया था। इसके प्रथम चरण में भारत के 30 लाख प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें 2 लाख दूसरे चरण के लिए चयनित हुए थे। नौ हजार प्रतिभागियों का चयन बौद्धिक क्षमता के आधार पर किया गया। तत्पश्चात रायपुर में आयोजित राज्यस्तरीय चयन प्रक्रिया में 200 प्रतिभागियों का चयन हुआ। दिल्ली में तीन दिवसीय आयोजन के लिए राज्य के तीन युवाओं का चयन किया गया। दिल्ली में आयोजित भारत मंडपम में स्वयं के विषय पर पावर पाइंट प्रेजेन्टेशन किया गया। दूसरे दिन डॉ. एस. सोमनाथ और अमिताभ कांत के समक्ष प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे। इसी क्रम में 12 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतिभागियों के समक्ष अपने विचार रखा और विकसित भारत 2047 पर विशेष चर्चा किया। उन्होंने पावर पाइंट प्रेजेन्टेशन का अवलोकन किया। इस सफलता के लिए सिक्ख एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष हरजीत सिंग अरोरा, गुरुशरण सिंग कक्कड़, प्राचार्य डॉ. योगिता बाजपेयी आदि ने सरगुन को बधाई दिया है।

## स्कूल में एक कुंडीय यज्ञ के बाद वार्षिकोत्सव संपन्न



**घुमका।** अवंतीबाई लोधी स्कूल में गत दिनों वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। पूर्व जनपद सदस्य दिलीप पटेल ने स्कूल को 2 लाख देने की घोषणा को पुनः दोहराया। यह आयोजन रविवार को बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित किया गया था। सर्वप्रथम एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन कर विधि विधान से मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। सेवानिवृत प्राचार्य गणपत दुबे मुख्य आतिथ्य ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य, राजस्थानी नृत्य आदि प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुती की सराहना करते हुए नगद राशि से सम्मानित किया। इस मौके पर सरपंच फूलमती वर्मा, जितेंद्र वर्मा, डिलेश्वर वर्मा, नूनकरण वर्मा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ललिता वर्मा आदि मौजूद थे।

## बेलगांव में जल संकट गहराया

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत खैरा नवापारा के आश्रित ग्राम बेलगांव में ग्रीष्म ऋतु शुरू होने के पहले ही पेय एवं निस्तारी जल की समस्या गहराने लगी है। ग्राम में पेयजल के लिए नल जल योजना का कार्य जारी है। पाईप लाईन का विस्तार गली में किया जा चुका है तथा ग्रामीणों के घर में नल लग चुके है परन्तु टंकी निर्माण नहीं होने से बोर से डायरेक्ट जल सप्लाई शुरू कर समस्या से निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा था। जानकारी मुताबिक जल स्तर में गिरावट आने से पेयजल समस्या गंभीर हो गई है। बोर से पानी आना बंद हो गया है। गांव के पांच वार्ड में पांच हैडपम्प हैं पर दो वार्ड के हैडपम्प से ही पानी मिल रहा है। फिलहाल इस दो पम्प की सहारे गांव में जल आपूर्ति हो रही है। सुबह होनेके पहले तथा शाम को हैंडपम्प में पानी के लिए कतार लग जाती है।

## तीज-त्योहारों में ऋषि कृषि संस्कृति का प्रभाव



**गंडई पंडरिया।** नई पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से अवगत कराने के लिए 27 से 31 जनवरी तक रायपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर एवं उनका संरक्षण विषय पर आयोजित कार्यशाला में विभिन्न महाविद्यालयों के 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। गत 29 जनवरी को सेवानिवृत्त व्याख्याता डॉ. पीसी लाल यादव ने मध्य छत्तीसगढ़ के तीज-त्योहार और लोक जीवन में उनका महत्व विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के लोक जीवन में ऋषि और कृषि संस्कृति का गहरा प्रभाव है। यहां के तीज-त्योहारों में प्रकृति और कृषि की झलक मिलती है। उन्होंने विभिन्न लोकगीतों और लोक कथाओं के माध्यम से नई पीढ़ी को धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

### ढारा मंडई 7 को

**ढारा।** ग्राम ढारा मे 7 फरवरी को मंडई का आयोजन रखा गया है । ग्रामीण के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच का मंचन होगा। इसी क्रम में आगामी 8 व 9 फरवरी को जस झांकी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी कुमार दास मानिकपुरी ने देते हुए लोगो से उपस्थित होने की अपील किया है।

### देवी भागवत कथा 7 तक

**डोंगरगढ़।** शहर के दंतेश्वरी मंदिर वार्ड 16 में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। यह धार्मिक आयोजन आगामी 7 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम पंडित मानस मर्मज्ञ स्वामी चंद्रकांत शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। आयोजन समिति ने लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### इनकम टैक्स में छूट से व्यापारियों और मध्यम वर्ग को लाभ

# बजट प्रस्ताव से विकास की गति को मिलेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



चार्टेड एकाऊटेंट हिना जैन ने केन्द्र सरकार के बजट को आर्थिक और सामाजिक प्रगति को गति देने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि बजट प्रावधान से किसानों, युवाओं के जीवन में आधारभूत बदलाव आएगा साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा क्षेत्र की दशा और दिशा सुधरेगी। सरकार ने देश के हर नागरिक को विकास से जोड़ने का प्रयास बजट में किया है।

सीए श्रीमती जैन ने कहा कि 12 लाख तक सालाना आय को इंकम टैक्स के दायरे से बाहर लाने से व्यापारियों और मध्यम वर्ग को लाभ होगा। आय का दायरा बढ़ाने की मांग के बीच किसी को इस बात की उम्मीद नहीं थी कि मोदी सरकार लोगों की अपेक्षा से आगे जाकर लाभ पहुंचाने कदम उठा सकती है। उन्होंने बताया कि सैलरी क्लास के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन 75 हज़ार रखा गया है, जिससे 12 लाख 75 हज़ार तक आय टैक्स फ्री होगी। टीडीएस और टीसीएस को तर्कसंगत बनाया गया। किराये पर टीडीएस की सीमा 2.4 लाख से 6 लाख किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए ब्याज पर टीडीएस की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख किया गया है।

### पूरा होगा सपना, सबका होगा आवास

श्रीमती जैन ने बजट की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि गरीबों के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 54832 करोड़ का प्रावधान है जिससे ग्रामीणों को कच्चे और टूटे फूटे मकानों से मुक्ति मिलेगी और दिनभर मेहनत करने के बाद लोग अपने घर में चैन की नींद ले सकेंगे। लोगों के सेहत की चिंता करते हुए सरकार ने 36 जीवन रक्षक दवाओं को शुल्क से छूट और 6 जीवन रक्षक दवाओं पर 5 फीसदी शुल्क तय किया हैं।

### बजट से उद्योगपतियों को फायदा



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने बजट में ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए संशोधन की मांग की है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर छलावा किया गया है। बजट से आम आदमी, गरीबों, किसानों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। यह बजट केवल आंकड़ों का खेल है।

### आयकर में छूट का स्वागत



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला पदाधिकारियों ने केन्द्रीय बजट में कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख तक टैक्स फ्री करने और 75 हजार स्टैंडर्ड डिडक्शन को बरकरार रखने के प्रावधान का स्वागत किया है। जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है जो उम्मीद से बहुत ज्यादा है। संघ शैलेंद्र यदु, राकेश तिवारी, शरद शुक्ला, जीवन वर्मा, हंसकुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, देवेंद्र साहू, चंद्रिका यादव, बृजेश वर्मा, राजेश साहू, संदीप साहू, रतिराम कन्नौजे, महेश उईके, गिरीश हिरवानी, दिनेश कुरैटी, मनीष पसीने, अनिल शर्मा ने इस सौगात पर प्रसन्नता व्यक्त किया है।

### महंगाई से राहत

उन्होंने आगे कहा कि सभी वर्ग को महंगाई से राहत दिलाने के लिए सरकार ने कई ठोस प्रावधान किए हैं जिसके बाद मोबाइल फोन, कैंसर की दवा, मेडिकल इक्विपमेंटस, लाइफ सेविंग दवा सस्ती होगी। देश में बने कपड़े सस्ते होने से मांग बढ़ेगी जिसका लाभ कपड़ा उद्योग और बुनकरो को होगा।

## डोंगरगढ़ नगर पालिका

**वार्ड क्रमांक 1** — महिला : 423, पुरुष : 703 — 1510
लक्ष्मी यादव (कांग्रेस) — शारदा यादव (भाजपा)

**वार्ड क्रमांक 2** — महिला : 722, पुरुष : 641 — 1363
आशीष डोंगरे (कांग्रेस) — देवेन्द्र साखरे (भाजपा)
निर्दलीय- संजय फुले (आरी)

**वार्ड क्रमांक 3** — महिला : 672, पुरुष : 608 — 1280
के. विनायक (कांग्रेस) — अनिल पांडे (भाजपा)
निर्दलीय- संतोष राजपूते (आरी), धम्मकीर्ति नंदेश्वर (सिलाई मशीन), राकेश वैष्णव (ब्लैक बोर्ड), जे.विजय रेड्डी (टेलीफोन), विकास चौधरी (बल्ला)

**वार्ड क्रमांक 4** — महिला : 473, पुरुष : 458 — 931
चन्द्रशेखर बोरकर (कांग्रेस) — डी. एकेश राव (भाजपा)
निर्दलीय- सागर रामटेके (फूल गोभी)

**वार्ड क्रमांक 5** — महिला : 793, पुरुष : 738 — 1531
अमीता मेश्राम (कांग्रेस) — गीतांजली कोचरे (भाजपा)
निर्दलीय- जयश्री लाउत्रे (कोट), प्रीति समुंद्रे (सिलाई मशीन), संजू गजभिये (आलमारी), विद्या रामटेके (आरी)

**वार्ड क्रमांक 6** — महिला : 186, पुरुष : 185 — 371
कृष्णा लिल्हारे (कांग्रेस) — रतन कोसे (भाजपा)
निर्दलीय- मयूर हथेल (बल्ला)

**वार्ड क्रमांक 7** — महिला : 554, पुरुष : 560 — 1114
जय सिंह चन्द्रवंशी (कांग्रेस) — भूपेन्द्र मरकाम (भाजपा)

**वार्ड क्रमांक 8** — महिला : 565, पुरुष : 541 — 1106
भाऊदास मेश्राम (कांग्रेस) — अल्का सहारे (भाजपा)
निर्दलीय- भारती राजाचंद खोब्रागढे (कम्प्यूटर), किशोर कोचे (आलमारी), राजेन्द्र सेन (बैटरी टार्च), सुरेश मरकाम (नारियल), तामेश्वर साहू (ब्लैक बोर्ड), तरूण फुले (आरी)

**वार्ड क्रमांक 9** — महिला : 695, पुरुष : 634 — 1329
जयकिशोर अम्बादे (कांग्रेस) — लोकेश इंदुरकर (भाजपा)

**वार्ड क्रमांक 10** — महिला : 1003, पुरुष : 860 — 1863
मुकेश सहारे (कांग्रेस) — अंबर श्यामकर (भाजपा)

**वार्ड क्रमांक 11** — महिला : 469, पुरुष : 467 — 936
शिशिर मिश्रा (कांग्रेस) — उमा महेश वर्मा (भाजपा)
निर्दलीय - आशीश शुक्ला (नारियल फार्म)

**वार्ड क्रमांक 12** — महिला : 529, पुरुष : 496 — 1025
दिपाली भंडारी (कांग्रेस) — रश्मि भूत (भाजपा)

**वार्ड क्रमांक 13** — महिला : 466, पुरुष : 472 — 938
जगजीत सिंह (कांग्रेस) — गुरदीप सिंह कक्कड़ (भाजपा)
निर्दलीय - सुनील कुमार (आरी), अमित छाबड़ा (सिलाई मशीन)

**वार्ड क्रमांक 14** — महिला : 609, पुरुष : 518 — 1127
नैना धमगाये (कांग्रेस) — शिवांगी साखरे (भाजपा)
निर्दलीय - ममता जाम्बुलकर (फूलगोभी)

**वार्ड क्रमांक 15** — महिला : 747, पुरुष : 750 — 1497
देवेश साहू (कांग्रेस) — कमला साहू (भाजपा)

**वार्ड क्रमांक 16** — महिला : 804, पुरुष : 744 — 1548
भागवत चौधरी (कांग्रेस) — अनिश निर्मलकर (भाजपा)
निर्दलीय - मनोज रजक (बल्ला)

**वार्ड क्रमांक 17** — महिला : 367, पुरुष : 410 — 777
अक्षय जैन (कांग्रेस) — राकेश कुमार अग्रवाल (भाजपा)
निर्दलीय - संजय कुमार श्रीवास्तव (ब्लैक बोर्ड)

**वार्ड क्रमांक 18** — महिला : 509, पुरुष : 485 — 994
मंजुषा भारद्वाज (कांग्रेस) — रेखा राघौत्रे (भाजपा)
निर्दलीय - सुनीता यादव (सिलाई मशीन)

**वार्ड क्रमांक 19** — महिला : 491, पुरुष : 477 — 968
श्रीराज सिंह राजपूत (कांग्रेस) — अमीत जैन (भाजपा)
निर्दलीय - संजय कुमार बघेल (टेलीफोन)

**वार्ड क्रमांक 20** — महिला : 554, पुरुष : 551 — 1105
लक्ष्मी शांडिल्य (कांग्रेस) — हरीश मोटघरे (भाजपा)

**वार्ड क्रमांक 21** — महिला : 830, पुरुष : 760 — 1590
देविका कंडरा (कांग्रेस) — मेनका राजेश कंडरा (भाजपा)
निर्दलीय - कु. योगिता कंडरा (आरी)

**वार्ड क्रमांक 22** — महिला : 723, पुरुष : 671 — 1394
राहुल यादव (कांग्रेस) — अक्षय यादव (भाजपा)
निर्दलीय - निर्मल कुमार महोबिया (आरी)

**वार्ड क्रमांक 23** — महिला : 442, पुरुष : 431 — 873
राधेश्याम धनुकर (कांग्रेस) — सुमीत ताम्रकार (भाजपा)

**वार्ड क्रमांक 24** — महिला : 445, पुरुष : 425 — 870
आरती निषाद (कांग्रेस) — बबीता मलागार (भाजपा)

## कलेक्टर ने किया भागवत को सम्मानित




**विष्णुपुर।** समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले भागवत वर्मा एवं उनकी टीम को कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने सम्मानित किया है। यह सम्मान राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान नुक्कड नाटक, सभा, रैली, रंगोली, पोस्टर, भाषण आदि से लोगों को जागरूक करने के लिए प्रदान किया गया।

## ईव्हीएम का प्रदर्शन



**डोंगरगढ़।** निकाय चुनाव में पहली बार ईवीएम मशीन का उपयोग किया जाना है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नगर पालिका एवं तहसील कार्यलय में डेमो के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने की विधि से अवगत कराया जा रहा है।

## सार समाचार

### ग्रैंड पैरेंट्स-डे पर बच्चों ने दी प्रस्तुति



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में प्री प्राइमरी कक्षाओं द्वारा विगत दिनों ग्रैंड पैरेंट्स डे का आयोजन किया गया। आयोजन में छोटे बच्चों के दादा-दादी, नानी-नानी का स्वागत किया गया। छोटे बच्चों द्वारा सभी को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा अपने दादा-दादी, नाना-नानी से प्रेरणा लेते समूह गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। आयोजन में ग्रैंड पैरेंट्स के लिए शाला द्वारा अनेक खेल प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई थी। जिसमें बच्चों के ग्रैंड पैरेंट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया। आयोजन में शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### सहारा में स्थापना दिवस पर आयोजन



**राजनांदगांव।** सहारा इंडिया रीजन राजनांदगांव में संस्था के 48 वां स्थापना दिवस पर मां भारती के तैलचित्र मे माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित मिठाई बांटकर देश भक्ति का परिचय दिया। रीजन के जेपी श्री शरण ने शुभकामना संदेश का वाचन किया। टीम वरिष्ठ पूर्णिमा साहू ने समस्त जमाकर्ता व कार्यकर्ता को संस्था के हर परिस्थिति में सहभागिता देने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त अवसर पर सेक्टर एडवाइजर विनोद साहू, सेक्टर प्रभारी संजय कुमार सिन्हा, संतोष साहू, उपेश सेन, धरमू साहू, रामकुमार देवांगन, तमेश्वर साहू उपस्थित थे।

### अवैध शराब बिक्री करने वाले पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के आरोपी एवं अशांति फैलाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 2 फरवरी को पुख्ता सूचना के आधार पर ग्राम गठुला हनुमान मंदिर के पास अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी खुमेश मोटघरे 25 साल साकिन ग्राम बरगाही के कब्जे से 20 पौवा जम्मू स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमती 2600 रुपए एवं बिक्री रकम 260 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया। इसी तरह असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

### महाविद्यालय में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में पालक शिक्षक संघ द्वारा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न छात्र-छात्राओं के अभिभावकगण उपस्थित थे। पालक शिक्षक संघ प्रभारी आभा प्रजापति ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नैक टीम के आगमन की जानकारी एवं उसकी तैयारी और एनईपी के अंतर्गत आने वाले कोर्स के परीक्षा पैटर्न के बारे में चर्चा करना है। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने अभिभावकों को नैक टीम के आगमन की जानकारी देते और सुझाव मांगते कहा कि हम किस तरह से उनके सामने अच्छा प्रदर्शन करेंगे। जिसमें हमें अच्छा ग्रेड मिले। प्राचार्य ने नैक विजिट के दौरान पालकों से निर्धारित तिथि में उपस्थित रहने का अनुरोध किया। बैठक में छात्रों के लिए परीक्षा पैटर्न के बारे में भी चर्चा किया गया। जिसमें शिक्षकों द्वारा संपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही पालकों द्वारा सुझाव भी दिया गया।

## केन्द्रीय बजट पर नेताओं और नागरिकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया

# भाजपा ने सराहा, कांग्रेस ने कहा दिशाहीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने सराहा है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने इस बजट को गांव-गरीब और किसान मजदूर से छलावे का बजट बताया है।

### श्रमिक वर्ग के उत्थान का बजट



पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आज संसद में पेश केंद्रीय बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया देते कहा कि यह बजट समाज के मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगा। यह भारत के सुनहरे भविष्य का को पूरा करेगा। केंद्रीय बजट से छत्तीसगढ़ में प्रत्येक क्षेत्र में हो रहे कार्यों में तेजी आएगी।

### आमजन को ठगने वाला बजट



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा कि यह बजट किसी लोक कल्याणकारी सरकार का बजट नहीं, बल्कि किसी चतुर बनिया का बजट है। जिसमें सिर्फ गरीबों, आम आदमी, युवाओं, किसानों को छला गया है। बजट में किसानों को धोखा दिया गया है। एमएसपी के नाम पर बात तक नहीं हुई।

### कृषि कार्य में आएगी गतिशीलता



किसान नेता अशोक चौधरी ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते कहा कि यह बजट बहुत शानदार है। उन्होंने कहा कि यह बजट अलग-अलग क्षेत्र के किसानों के लिए शानदार है। देशभर के किसानों को क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 3 लाख की जगह 5 लाख रुपए क्रेडिट कार्ड से मिलेगा। जिससे किसानों को राहत होगी। इससे कृषि कार्य में गतिशीलता आएगी, जहां तक इनकम टैक्स स्लैब की बात है तो आजाद भारत में आज तक का सबसे बड़ा राहत इनकम टैक्स स्लैब में दिया गया है, जहां पर 12 लाख तक के इनकम में नौकरी पेशा वालों को कोई भी टैक्स नहीं देना पड़ेगा।

### संवेदनशील प्रावधान



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी राहत पर हर्ष व्यक्त करते कहा कि भारत के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते कैंसर व अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज की जीवनरक्षक दवाइयों को पूरी तरीके से टैक्स में छूट दे दी गई है। साथ ही कैंसर के लिए 200 केयर यूनिट भी बनाई जाएगी। ऐसे संवेदनशील निर्णय पर हम मोदी सरकार का धन्यवाद करते हैं।

### देश को कर्ज में ले जाने वाला बजट



शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने इस बजट को छलावा बताया है। महंगाई बढ़ाई गई है। आम आदमी को राहत नहीं मिली है। देश को कर्ज में धकेला जा रहा है। बजट में ऐसी कई चीजें शामिल की गई है। जिससे देश पर कर्ज का बोझ बढ़ेगा।

### अपेक्षा के अनुसार बजट नहीं है



युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने बजट पर कहा कि यह बजट मध्यमवर्गीय विरोधी बजट है। विकास पटरी से उतर गया है। बिहार के चुनाव पर फोकस करने का बजट है। किसी भी राज्य के लिए बजट में कुछ नहीं है। बेरोजगारी, युवा, महिलाओं और किसानों की पहुंच से परे बजट है।

### रोजगार की नई संभावनाएं



प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा ने कहा कि यह बजट देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं को समर्पित बजट है। देश में रोजगार की नई संभावनाओं का सृजन होगा। भारत को विकसित भारत बनाने की दिशा में इस बजट के प्रावधान बेहद मददगार साबित होंगे।

### निराशाजनक बजट



पूर्व मंत्री धनेश पटिला ने कहा कि यह बजट आम जनता के लिए निराशाजनक है। मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से बाजार गिर रहा है। जनता का भरोसा सरकार से उठ गया है। युवा बेरोजगारों के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। किसानों के लिए एमएसपी का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। यह बजट देश की आम जनता को ठगने का बजट है।

### बजट जनता से छलावा



शहर कांग्रेस कमेटी दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने केंद्र की मोदी सरकार के बजट पर कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट जनता से छलावा है। आंकड़ों का मायाजाल है। आयकर में 12 लाख तक की छूट देना हास्यास्पद लगता है। आज के समय में आदमी 12 लाख कमाएगा कहां से और जो काम रहा है उसका तो पहले से टैक्स भरने में चला जा रहा है। बजट जिस विषय को लेकर पेश करना चाहिए, उसे दरकिनार कर दिया गया है, क्या चीज सस्ती हुई है और क्या चीज महंगी हुई है। सस्ती-महंगी करने का क्या कारण है।

### मध्यमवर्गीय परिवार को राहत नहीं



बजट को लेकर पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि मिडिल क्लास को किसी भी प्रकार की राहत इस बजट में नहीं मिली है। इलेक्ट्रॉनिक चीजों के दाम तेजी से बढ़ गए हैं। यह बजट जनता को छलने का बजट है। मध्यम वर्गीय परिवार को राहत देने कोई प्रावधान नहीं किया गया है। बजट आम जनता के लिए निराशाजनक है।

### सोच से अधिक आयकर सीमा में छूट



टैक्स बार एसोसिएशन राजनांदगांव के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू ने कहा कि बजट में आयकर नीतियों में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। इस बजट से कर संरचना में सरलता एवं बोझ कम होगा। करदाता की जरूरतों को समझते सरकार ने करदाता की सोच से अधिक आयकर सीमा को 12 लाख तक कर मुक्त किया है, जो मध्यम आय वाले करदाता की बहुत बड़ी राहत है।

### मध्यम वर्गीय के लिए स्वर्णिम अवसर



भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि यह ऐतिहासिक बजट है, जिसे भारत देश में हमेशा याद रखा जाएगा। देश के टैक्स पेयर और मध्यम वर्ग का सम्मान करते मोदी सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है। जिसकी कल्पना भी लोगों को नहीं थी। पूर्व की सरकार में जहां 2 लाख रुपए की आय पर टैक्स लगता था, मोदी की सरकार में 12 लाख रुपए तक कोई टैक्स नहीं लगेगा।

### किसानों के लिए वरदान



भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि मोदी सरकार ने इस बजट में किसानों के उत्थान के लिए दूरगामी नीतियां बनाई है। इस बजट में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने, दालों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों के लिए यूरिया फैक्ट्री लगाने और किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने के निर्णय किसानों की तरक्की के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

### श्रेष्ठ भारत के निर्माण का है ब्लूप्रिंट



केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद संतोष पाण्डेय ने बजट को श्रेष्ठ भारत के निर्माण एवं वैश्विक पटल पर भारत देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने हेतु रोड मैप बताया है. एक ओर केसीसी लोन की सीमा में वृद्धि कर किसानों को सेठ साहुकारो के चंलुग से मुक्ति दिलाई गयी है तो दूसरी ओर आयकर में छुट प्रदान मध्यम वर्ग के हितो का ध्यान रखा गया है. सरकारी अस्पतालों में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज हेतु बजट में प्रावधान एवं किसानो के लिए नयी योजना पीएम धन-धान्य योजना की घोषणा की गई है।

### रोजगार के लिए उपयुक्त बजट



चेंबर ऑफ कॉमर्स के चंदन रूचंदानी ने कहा कि देश के व्यापार-उद्योग को बढ़ावा देने एवं बड़ी संख्या में रोजगार के सृजन के प्रावधान इस बजट में मौजूद हैं। 22 लाख श्रमिकों के लिए लेदर स्कीम, एक करोड़ वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा और खिलौनों का ग्लोबल हब बनाने का निर्णय रोजगार के अनेकों अवसर पैदा करने जा रहा है।

### स्वास्थ्य संबंधी निर्णय स्वागतयोग्य



वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश डुलानी ने कहा कि प्रस्तुत बजट में नया इन्कम टैक्स बिल लाने पर लोगों को पुराने कानून से मुक्ति मिलेगी। साथ ही शहरी क्षेत्र के गरीबों की आय बढ़ाने की योजना भी सरकार की है। एक लाख अधूरे घर भी पूरे होंगे और 2025 में 40 हजार में मकान हैंडओवर किए जाएंगे। हर घर नल से जल पहुंचने का जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ गया है। जिससे जनता को स्वच्छ जल पीने को मिलेगा।

### प्रशंसनीय बजट



जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि आधारभूत संरचना के लिए राज्यों को डेढ़ लाख करोड़ रुपए दिए जाने का निर्णय राज्यों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाला प्रशंसनीय निर्णय है। साथ ही 1 लाख करोड़ का फंड अर्बन डेवलपमेंट के लिए मिलने से शहरों का विकास होगा।

## एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल में बसंत पंचमी पर विद्यारंभ संस्कार के साथ प्रवेश



**राजनांदगांव।** एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल के नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग, ब्रांच जयस्तंभ चौक, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी, नीरज फाउंडेशन स्कूल न्यू खंडेलवाल कॉलोनी, नीरज विद्या मंदिर मोहड़ डोंगरगांव, माईल स्टोन पब्लिक स्कूल खैरागढ़ में प्रतिवर्षानुसार ज्ञान की देवी माता सरस्वती के प्राकट्य दिवस बसंत पंचमी कल 3 फरवरी अवसर पर विद्यारंभ संस्कार के साथ शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर 3 फरवरी तक शाला प्रवेशित करने वाले प्री-नर्सरी/नर्सरी के छात्रों के आलावा केजी-1, 2 एवं कक्षा-1 में प्रवेश लेने वाले छात्रों को भी प्रवेश शुल्क में 100 प्रतिशत छूट दी जा रही है। संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने कहा कि बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त में प्री-नर्सरी, नर्सरी कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्रों को विद्यारंभ संस्कार के साथ प्रवेश दिया जाएगा।

उक्त के लिए पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार की विशेष व्यवस्था की गई है। नवप्रवेशित बच्चों के लिए विद्यारंभ संस्कार के लिए समय नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग 9 से 11.30 बजे, ब्रांच जयस्तंभ चौक में 11 से 12 बजे, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में 9.30 से 10.30 बजे, नीरज फाउंडेशन स्कूल न्यू खंडेलवाल कॉलोनी में 11.30 से 12.30 बजे, नीरज विद्या मंदिर मोहड़ डोंगरगांव एवं माईल स्टोन पब्लिक स्कूल खैरागढ़ में सुबह 10 से 11.30 बजे तक समय निर्धारित है।

## एनसीसी प्रमाण-पत्र परीक्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



38 छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमन सिंह के निर्देशन में 01 से 2 फारवरी तक एनसीसी ए सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन स्थानीय स्टेट हाईस्कूल में किया गया। इस ए प्रमाण पत्र परीक्षा में एनसीसी के कुल 406 कैडेट शामिल हुए।

एक फरवरी को आयोजित परीक्षा में ड्रील, वेपन ट्रेनिंग, बेटल क्राफ्ट और अन्य विषय पर आधारित टेस्ट लिया गया। इसी प्रकार 2 फरवरी को सैन्य विषय के साथ सामाजिक गतिविधि, सामान्य ज्ञान, फायर फाइटिंग, मेडिकल जैसे विषयों पर लिखित परीक्षा आयोजित की गई।

यह परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रणाली के तहत ली जाती है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण कैडेट को ग्रेडिंग के रूप में प्रमाण पत्र प्रदाय किय जाता है, जो रोजगार के लिए उपयोगी साबित होता है। यह परीक्षा सूबेदार आरआर नायक, हवलदार भगत सिंह, पवन कुमार, बीडी यादव, के. दास के निर्देशन में संचालित हुई। एनसीसी अधिकारी सुनील भागवत, भूपेंद्र जोगी, सीमा साहू, चंद्रभान साहू की उपस्थिति में सफल संचालन हुआ।

0 **राजनांदगांव।** भारतीय खेल प्राधिकरण मध्य क्षेत्रीय केन्द्रीय केन्द्र भोपाल के अंतर्गत संचालित भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 12 से 18 वर्ष के हॉकी बालिका एवं बास्केटबॉल बालिका व बालक खिलाड़ियों को आवासीय योजना में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल 4 एवं 5 फरवरी को दिग्विजय स्टेडियम एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित की जा रही है।




## बसंत पंचमी पर विविध धार्मिक अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में संस्कारधानी के स्टेशन चौक स्थित गायत्री मंदिर में सुबह 10 बजे से हवन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। यह आयोजन गायत्री परिवार राजनांदगांव द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व सांसद एवं भाजपा के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव सहित समाजसेवी राजेन्द्र जैन भी उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से बृजकिशोर सुरजन, नंदकिशोर सुरजन, हरीश गांधी, जयंतीलाल पटेल, तुलेश्वर सिंह, पं. ओमप्रकाश साहू, निरूपम, सुखनंदन सहित आयोजन समिति के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में आयोजन समिति द्वारा हवन, पूजन एवं माता गायत्री एवं माता सरस्वती की उपासना की गई और लोगो के सुख, शांति, समृद्धि एवं जगत कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। पूर्व सांसद यादव ने हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान के इस आयोजन में उपस्थित रहकर बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया और उपस्थित जनता से संवाद किया। उन्होंने गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ नवनिर्मित मंदिर के निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया और मंदिर निर्माण में यथासंभव सहयोग एवं सहभागिता निभाने का आश्वासन दिया।

### मंदिरों में पूजा-अर्चना, शहर सहित ग्रामीण इलाकों में आयोजन

**राजनांदगांव।** बसंत पंचमी के अवसर पर मंदिरों में विद्या की देवी मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर कई स्थानों पर धार्मिक सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। यहां पर शैक्षणिक संस्थानों सहित अन्य संगठनों द्वारा कल भी पर्व मनाए जाने की तैयारी है। बसंत पंचमी से बसंत ऋतु की शुरूआत हो जाती है। यह दिन विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। आज इस पर्व पर शिक्षा, कला व साहित्य से जुडे लोगों ने विधि-विधान से देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की। इस मौके पर मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। भक्तों की उपस्थिति मंदिरों में सुबह से देर शाम तक रही।

#### आज भी होंगे आयोजन

शहर सहित ग्रामीण इलाकों में विविध धार्मिक सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम सुकुलदैहान में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ग्रामीणों ने बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा भी निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कल सोमवार को भी शैक्षणिक संस्थान सहित अन्य संगठनों के लिए बसंत पंचमी पर्व मनाए जाने की तैयारी है।

## महावीर वार्ड में निकली रैली, महापौर-पार्षद प्रत्याशी के लिए मांगा वोट



**राजनांदगांव।** निकाय चुनाव में समर्थन जुटाने वार्ड क्रं. 37, महावीर वार्ड में भाजपा ने भव्य जनसंपर्क रैली निकाली। रैली में महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव व पार्षद प्रत्याशी जैनम बैद के पक्ष में वोट करने मतदाताओं से अपील की गई। बड़ी संख्या में जुटे भाजपाईयों, समाजसेवक और स्वयं सेवियों ने इस रैली में हिस्सा लिया। पार्षद प्रत्याशी जैनम बैद के साथ सभी ने गली-मोहल्ले में पहुंचकर कमलछाप में वोट की अपील की है।

रविवार की दोपहर वार्ड क्रं. 37, महावीर वार्ड में भाजपा की जनसंपर्क रैली का शुभारंभ सदर बाजार स्थित पार्षद चुनाव कार्यालय से हुआ। इसके बाद वार्ड के अधिकतर हिस्सों तक जनसंपर्क रैली पहुंची। इस दौरान भाजपा के पार्षद प्रत्याशी जैनम बैद ने कहा कि, मेरा सौभाग्य है कि भाजपा ने मुझे अपने लोगों के बीच जाकर सेवा करने का अवसर दिया है। एक पार्षद पूरे वार्ड के लिए परिवार के उस सदस्य की तरह होता है जो हर मुश्किल स्थिति में आपके साथ खड़ा होता है। मेरी प्रयास आप सभी के परिवार का वही कर्मठ सदस्य बनने का है। रैली के शुभारंभ पर वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने युवाओं को रिचार्ज किया। उन्होंने कहा कि, हम सभी एकजुट होकर यह चुनाव जीत रहे हैं। लेकिन, सभी मिलकर इतनी मेहनत करें कि, चुनाव परिणाम से साबित हो जाए कि पूरे वार्ड में भाजपा की लहर है। उन्होंने वार्डवासियों से विकास की श्रृंखला बनाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि, केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार पहले ही काम कर रही है। निकाय में महापौर और पार्षद भाजपा का चुने जाने से विकास आपके दरवाजे तक पहुंच जाएगा।



# कार्यकर्ता सम्मलेन में विधायक बोहरा हुई शामिल, किया संबोधित

## निकाय चुनाव की तैयारियों के लिए कार्यकर्ताओं का किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार प्रसार तेज हो चुके हैं। जगह-जगह चुनावी सभा हो रही है तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन के माध्यम से चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भर रहें हैं। आज नगर पंचायत इंदौरी में भी भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया, जिसमें पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने बाइक रैली के माध्यम से प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार किया।

वहीं सम्मलेन में संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन भी किया। उन्होने सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से भाजपा को विधानसभा और लोकसभा में ऐतिहासिक जीत मिली है। आज आप जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य, सहयोग, समर्पण से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। आप सभी कार्यकर्ताओं ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य किया, जनता के घरों तक जाकर प्रचार किया, भाजपा की रीति-नीति से जन-जन को अवगत कराया उसका सार्थक परिणाम हमें प्रदेश व केंद्र में दिखने को मिला।

एक बार पुनः उसी उत्साह, जोश व जूनून के साथ सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विकास पथ में हम सभी अग्रसर होकर जन-जन के घरों तक पहुंचे। प्रदेश के विकास के बाद अब हर गांव और नगर के विकास की जिम्मेदारी आप सभी पर है। यहां भाजपा का हर कार्यकर्ता प्रत्याशी है और हमें उसी उद्देश्य के साथ नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा विजयी बनाएं।

## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से कैलाश चंद्रवंशी को टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह



**हरिभूमि कोलेगांव।** कबीरधाम जिला से जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 से जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्याशी घोषित किया गया है, जिनकी राजनीतिक पिछले 20 वर्षो से सक्रिय व पार्टी एवं संगठन के लिए कड़ी मेहनत करते हुए दायित्व निभा रहे हैं, इससे पहले मंडल अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारणी सदस्य जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा जिला उपाध्यक्ष व सक्रिय रहते हुए पार्टी के प्रति संगठन को मजबूत किया। आज इसी विश्वास के चलते क्षेत्र क्रमांक 10 से कैलाश चंद्रवंशी को पार्टी एवं संगठन द्वारा अधिकृत किया गया है। जिला पंचायत सदस्य 10 से प्रत्याशी बनाया गया, जिससे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह व खुशी का माहौल बना हुआ है। जिस पर कार्यकर्ता बलदाऊ चंद्रवंशी, रमेश बाबूराम, कपिल, प्रकाश, रोहित, बबलू, संजय, लोकनाथ, दीपचंद, पप्पू, मोहन व उत्तरा साहू तथा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# पांच दिवसीय श्रीरामचंद्र मानस सम्मेलन का भव्य आयोजन 6 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत पेंड्रीकला स्थित श्रीशिव मंदिर एवं मां दुर्गा-काली मंच प्रांगण में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी रामचरित मानस कथा प्रवचन का आयोजन 24वां वर्ष श्री रामचंद्र भगवान की असीम कृपा से पांच दिवसीय प्रवचन मानस सम्मेलन का भव्य आयोजन 06 से 10 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। जिसमें कथा वाचक पं डॉ रामगोपाल तिवारी (मानस रत्न बांदा उत्तरप्रदेश चित्रकूट) द्वारा ग्राम पेंड्रीकला व आसपास क्षेत्रवासियों को श्रीरामचंद्र की कथा सुमधुर वाणी से रसपान कराया जाएगा। जिसमें सभी धर्मप्रेमी को श्रीराम कथा के रस रसिक सहृदय सुधीजन भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र की अकारण करुणारूपी, जगत जननी जगदंबा मां जानकी एवं ग्राम के सभी देवी-देवताओं की कृपा स्वरूप पांच दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा वहीं इस पांच दिवसीय कार्यक्रम की तैयारियों जोर शोर से ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। जिसमें आचार्य पं लवलेश शर्मा, पं शिवानंद तिवारी व आयोजक समिति महादेव चंद्राकर, नाथूराम चंद्राकर, रामकुमार गुप्ता एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न होगा।

## टमाटर के दाम हुई सस्ती, आम नागरिको का बढ़ा जायका



**हरिभूमि कवर्धा।** पिछले दो महिने पहले टमाटर 40 से 50 रूपए प्रतिकिलो के भाव से बिकने वाला टमाटर अब सस्ती हुई है वहीं शहर व क्षेत्र में 5 से 7 रूपए प्रतिकिलो बिक रही है। टमाटर के दामों में आई गिरावट व सस्ती से लोगों की रसोई का बजट सुधर ही गया है साथ ही साथ खाने-पीने के बीचों में भी आम नागरिकों का जायका बढ़ गया है। मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों लोकल बाड़ियों से देशी टमाटर की आवक अच्छी व कीमत में गिरावट आ गई है वहीं दामों में गिरावट व सस्ती हेने के बाद एक बार फिर टमाटर आम आम नागरिकों तक पहुंच रही है। और ठंड के मौसम में जमकर ग्रामीण व शहरवासी चटनी का लुप्त उठा रहें है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

दुल्हे सजेंगे दुल्हे साहब में...
अब कीजिये शादियों और त्यौहारों की शॉपिंग दूल्हे साहब में



दुल्हे साहब ®
SUNDAY OPEN
मेन रोड कपड़ा मार्केट, पंडरी, गेट नं. 2 के सामने, रायपुर 6262333304
महालक्ष्मी मार्केट, पुलगांव चौक, दुर्ग 0788-2960006, 88787 89995
जय स्तंभ चौक, राजनांदगांव 07744-469885, 88787 89993
CUSTOMER CARE NO: 18003099038
_dulhesahab_
• शेरवानी • कोटसूट • कुर्ता - पायजामा • इंडोवेस्टर्न • जोधपुरी • ब्लैजर • कैजुअल • फॉर्मल

**चुनाव: नगरीय निकाय चुनाव प्रचार अपने चरम पर**

# शहरी सत्ता के लिए अध्यक्ष व पार्षद पद के दावेदार लगा रहे है एड़ी चोटी का जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगरीय निकाय चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है प्रत्याशियों का प्रचार-प्रसार तेज होते जा रहा है। चुनाव करीब होने के कारण चुनावी जंग में उतरे प्रत्याशी प्रचार-प्रसार में जमकर पसीना बहा रहे है।

कोई भी प्रत्याशी किसी से पीछे रहना नहीं चाह रहा है और अपने-अपने हुनर से मतदाताओं को लुभाने में जुटे हुए है। एक ओर प्रत्याशी प्रचार-प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है, वहीं दूसरी ओर मतदाता विकास करने वाले एवं अच्छे व्यक्तित्व वाले प्रत्याशी की परख कर रहे है। प्रत्याशियों के भाग्य में 11 फरवरी को मुहर लग जाएगी और उनके भाग्य का फैसला 3 दिन बाद याने 15 फरवरी को किया जायेगा। गौरतलब है कि कवर्धा नगर की सत्ता के लिए सत्ता रूढ़ दल भाजपा तथा प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। इस बार अध्यक्ष पद के लिए होने वाले प्रत्यक्ष चुनाव के लिए भाजपा ने जहां चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है वहीं कांग्रेस ने संतोष यादव उर्फ भक्कु पर दांव खेला है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी से अजय पाली उर्फ बाबा तथा निर्दलीय प्रत्याशी प्रकाश सिंह अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसी प्रकार नगर के 27 वार्डो के पार्षद पद के चुनाव की बात की जाए तो यहां कुल 27 में से 16 वार्डो में सिर्फ भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी आमने सामने हैं और इन दोनो ही दलों के प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं 11 वार्डो में दो से अधिक प्रत्याशी चुनावीरण में है सबसे ज्यादा 5 प्रत्याशी नगर के वार्ड क्रमांक 27 में है।

इन 11 वार्डो में भी देखा जाए तो मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही है। इस स्थिति में नगर की गलियों में इन दिनों सिर्फ एक ही बात सुनाई देती है कि कौन किस पर भारी पड़ेगा, किसके प्रचार में जोर है और कौन बाजी मार रहा है। इस तरह के गुणा भाग में लगे लोगों के दिन कैसे बीत जाते है इसका उन्हें पता ही नहीं चल रहा है। मतदान की तिथि को देखते हुए प्रत्याशियों के बीच तिकड़म और दांव पेंच का दौर भी शुरू हो गया है, ऐसे लोगों का एक ही उद्देश्य है कि किसी भी तरह मतदाताओं को रिझाना और उन्हें अपने पक्ष में करना है। इसके लिए प्रत्याशी घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे है। नगर की सत्ता पर काबिज होने के लिए अध्यक्ष पद के दावेदार एड़ी चोंटी का जोर लगा रहे है। आलम यह है कि देर रात लोगों के यहां जाकर छोटी-छोटी बैठकें भी ली जा रही है। वहीं दूसरी ओर लगातार जनसंपर्क का दौर जारी है।



### अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों पर टिकी है नजर

विदित हो कि इस बार का नगरीय निकाय चुनाव के अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से किया जा रहा है, जिसमें मतदाता ही सीधे अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। जबकि पूर्व के नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद के द्वारा ही अध्यक्ष चुना जाता था। अध्यक्ष बनने के लिए पहले पार्षद बनना पड़ता था। लेकिन मौजूदा चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चुनावी अखाड़े में उतरा कोई भी प्रत्याशी अध्यक्ष चुना जा सकता है। यही वजह है कि लोगों की निगाहें अध्यक्ष प्रत्याशी पर टिकी हुई है।

### दिन ब दिन तेज हो रहा चुनाव प्रचार

1 फरवरी से भाजपा और कांग्रेस ने अपना-अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। भाजपा ने जहां 1 फरवरी को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा अरूण साव की उपस्थिति में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर चुनाव प्रचार का शंखनाद कर दिया है और अब भाजपा कार्यकर्ता वार्डो का सघन दौरा कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस भी पूरे जोश और उत्साह के साथ चुनाव मैदान में सत्तारूढ़ दल के साथ लोहा लेते दिखाई दे रही है। कांग्रेस के प्रत्याशी भी सघन दौरा कर लोगों से समर्थन मांग रहे हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 8 से 15 फरवरी तक

- जी श्याम पैलेस सरोधा रोड कवर्धा में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जी श्याम पैलेस सरोधा रोड कवर्धा में 8 फरवरी से 15 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजक कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि जी श्याम पैलेस सरोधा रोड कवर्धा में 8 फरवरी से 15 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।





जिसमें आचार्य रामेश्वर नारायण शारदा शक्तिपीठ मेहर मध्यप्रदेश द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2.00 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवणपान कराया जाएगा। आयोजन में जयदेव अग्रवाल तथा श्रीमती सोनल अग्रवाल यजमान के रूप में उपस्थित रहेंगे।

श्री अग्रवाल ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत 8 फरवरी दिन शनिवार को भव्य मंगल कलश यात्रा, भागवत महात्म, वैकुण्ठादि लोक वर्णन, 9 फरवरी दिन रविवार को व्यास नारद संवाद, धुव्र चरित्र का तात्विक विवेचन, 10 फरवरी दिन सोमवार को पुरंजन उपाख्यान, जड़ भरत कथा, अजामिल, प्रसंग, भक्तिशिरोमणी प्रहलाद चरित्र, 11 फरवरी दिन मंगलवार को गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 12 फरवरी दिन बुधवार को बाल चरित्र, माखन चोरी, गोविन्द बाल, नंद महोत्सव, गोवर्धन धारण, छप्पन भोग, 13 फरवरी दिन गुरूवार को वेणुगीत, भ्रमर गीत रास पंचाध्याय, रुक्मणी विवाह, उद्धव प्रसंग, 14 फरवरी दिन शुक्रवार को श्यामंतक मणि, द्वारिका वर्णन, सुदामा चरित्र तथा 15 फरवरी दिन शनिवार शिनवार को व्यासपीठ पूजन प्रातः 10 से 12 बजे एवं भण्डारा दोप. 1 से 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

आयोजक ने इस धार्मिक अनुष्ठान में लोगों से उपस्थित होने का आव्हान किया है। आयोजकों द्वारा इस भव्य आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस ने चुनाव प्रभारी किए नियुक्त

**कवर्धा।** जिला कांग्रेस कमेटी ने कवर्धा नगर पालिका चुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की है। कांग्रेस कमेटी ने कवर्धा नगर पालिका चुनाव के लिए साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष शीतल साहू एवं महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीमा अगम अनंत को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।

### दूसरे चरण का प्रशिक्षण 7 फरवरी से

**कवर्धा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दूसरे चरण का प्रशिक्षण 7 फरवरी से शुरू होगा, जो 8 फरवरी तक चलेगा। इसके बाद तीसरे चरण का प्रशिक्षण 12 फरवरी और 13 फरवरी को 2 पाली में सुबह 10 बजे से 1 बजे व दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक दिया जाएगा।

# मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली एवं मतदान शपथ के साथ मताधिकार का प्रयोग करने दे रहे संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के उत्सव ने भागीदार होने का आह्वान करते हुए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जाबो कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों द्वारा मतदान करने के लिए आम जनता को प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागीय अमले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली, मतदाता जागरूकता रैली शपथ ग्रहण जैसे कार्यक्रमों का आयोजन सभी क्षेत्रों में कर रहे है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय चुनाव में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए जाबो कार्यक्रम का आयोजन जिले हो रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के स्व सहायता समूह की दिदीयो द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिकों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं साथ ही मतदान शपथ दिलाई जा रही है। नगरी निकाय क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन के द्वारा वोट के महत्व को बताया जा रहा है।स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों से बड़ी संख्या में आम नागरिक जुड़ रहे हैं।

## जयंती समारोह...




पंडरिया। सरस्वती शिशु मंदिर पण्डरिया में देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिंशताब्दी जयंती समारोह आयोजित।

# वनांचल में आयोजित निक्षय निरामय अभियान शिविर में मिले पांच टीबी रोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पीएचसी छीरपानी के अंतर्गत आम सेंटर कोदवागोडान में शनिवार को सीएमएचओ डॉ. बीएल राज के निर्देशन में और बीएमओ डॉ राकेश कुमार प्रेमी के नेतृत्व मे निक्षय निरामय अभियान के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 76 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 24 का हीमोग्लोबिन (एचबी) और शुगर, बीपी का परीक्षण किया गया। और 5 लोगों का टीबी चिन्हांकन कर स्पुटम और एक्स रे जांच के लिए रेफर किया गया। अन्य बीमारियों में मानसिक रोगी ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर के 1, रूमेटॉयड ऑर्थराइटिस के संभावित 2, सोमेटाइजेशन के 12, स्लिप डिसऑर्डर 3, डेंटल के 1, हृदय रोग 1, अस्थमा 2,



रक्ताल्पता के 3 तथा अन्य कई प्रकार के मरीजों का जांचकर उपचार किया गया, गया साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया में जांच कराने के लिए सलाह दिया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने टीबी और कुष्ठ के लक्षणों के बारे में जागरूक किया और बताया कि समय पर इलाज से इन बीमारियों को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। शिविर में बीएमओ डॉ. राकेश कुमार प्रेमी, आरएमए शैलेश पांडेय, एसटीएलएस जेम्स जॉन, जिला एसीएफ कॉर्डिनेटर परमेश्वर यादव, विरेंद्र त्रिपाठी सेक्टर सुपरवाइजर, सभी आरएचओ एवं सीएचओ,आशा कार्यकर्ता ने अपनी सेवाएं दीं। बीएमओ डॉ. राकेश कुमार प्रेमी ने भी शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए खुद 54 लोगों का हेल्थ स्क्रीनिंग करके दवाई दी और सभी के समस्याओं को समझते हुए अपील की, समय पर जांच कराएं और टीबी, कुष्ठ और अन्य कोई भी बीमारियों को हराने में मदद करें।

# देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

सरस्वती शिशु मंदिर पण्डरिया के सभागार में देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिंशताब्दी जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का प्रारंभ उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना करते हुए किया गया। कार्यक्रम में देवी अहिल्याबाई होल्कर समिति के जिला प्रभारी रघुनंदन गुप्ता, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामचंद्र साहू, संस्था के प्राचार्य केवलराम ध्रुव, शिक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, बृजमोहन गायकवाड़, दुखहरण सारथी, मनोज कुमार आदित्य, उमेंद यादव, राजेश गुप्ता, विक्की निर्मलकर, आचार्य दीपनेश सहित सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य गण, माध्यमिक स्तर हाई स्कूल, हायर सेकंडरी तथा महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं, पालकगणों की उपस्थिति में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिवकुमार बंजारे खंड संयोजक देवी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती समारोह पण्डरिया ने सभागार में उपस्थित 200 जनसमूह को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन आज भी जनमानस के लिए प्रेरणादायक है।

# पेयजल व निस्तारी पर ग्रीष्म ऋतु फिर पड़ेगी भारी

## समस्याओं को लेकर नहीं दिख रही गंभीरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले में साल दर साल गिरते जल स्त्रोत को देखते हुए इस बात की आशंका जताई जा रही है कि जिले के विकासखण्ड स. लोहारा, पंडरिया, कवर्धा तथा बोड़ला के वनांचल तथा पहाड़ी ईलाकों में हर बार की तरह इस बार भी ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल व निस्तारी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है और लोगों को इसके लिए खासी मसक्कत भी करनी पड़ सकती है। माना जा रहा है कि अगर जिला प्रशासन और संबंधित विभागों ने समय रहते इस दिशा में गंभीरता नहीं दिखाई गई तो स्थिति और भी विकराल हो सकती है। उल्लेखनीय है कि जिले में लगातार बढ़ रहे गन्ना के रकबे, बेतहासा हो रहे बोर खनन और लगातार हो रही वनो की कटाई के चलते जल स्तर लगातार नीचे गिरते जा रहा है। जिसका बेजा असर ग्रीष्म काल के दौरान विशेषकर सरकारी पेयजल व्यवस्था पर देखने को मिलता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के ग्रामीण एवं वनांचलों में सरकारी पेयजल व्यवस्था का मुख्य आधार हैण्डपंप हैं जो ग्रीष्म ऋतु के दौरान जलस्तर नीचे गिरने के कारण जवाब दे जाते हैं और पेयजल की समस्या खड़ी हो जाती है। इसके अलावा कई ग्रामों में शासन द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए नलजल योजना भी संचालित की जा रही है लेकिन आरोप है कि इस योजना का क्रियान्वयन इतने बेहतर ढंग से नहीं किया गया है कि यह पेयजल समस्या से मुक्ति दिला सके, योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। विकासखण्ड स. लोहारा, कवर्धा तथा पंडरिया के कई ग्रामों में जल स्तर बेहद नीचे होने के कारण यह योजना भी ग्रीष्म ऋतु के दौरान दमतोड़ देती है। वहीं ग्रीष्म ऋतु के दौरान पानी की खपत भी स्वभावित रूप से बढ़ जाती है जिसके चलते हैण्ड पंपों का दोहन भी बढ़ जाता है और कई हैण्ड पंप अत्यधिक उपयोग के कारण बिगड़ जाते हैं। इसी तरह बढ़ती ग्रर्मी के साथ गांव के नदी, तालाब तथा पानी के दूसरे स्त्रोत भी ग्रामीणों का साथ छोड़ देते है जिसके चलते उनके सामने निस्तारी की भी गंभीर समस्या खड़ी हो जाती है। माना जा रहा है कि प्रशासन तथा संबंधित विभाग को ग्रीष्म ऋतु के दौरान उत्पन्न होने वाली पेयजल व निस्तारी की इन संभावित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अभी से कमर कस लेनी चाहिए, ताकि स्थिति गंभीर होने से पूर्व ही उसे नियंत्रित किया जा सके। हालांकि जिला प्रशासन के मुखिया ने इस बात को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग को निर्देश जारी किए है लेकिन जानकारी के मुताबिक अभी तक संबंधित विभाग धारतल पर नजर नहीं आ रहा है।

### हैण्ड पंप पेयजल का एक मात्र सहारा

जिले के अधिकांश ग्रामों व आबादी क्षेत्रों में शुद्ध व स्वच्छ पेयजल आपूर्ति एक मात्र साध हैण्ड पंप ही हैं। ऐसे में अगर यह हैण्ड पंप भी प्यासों का साथ छोड़ दे तो समझा जा सकता है कि प्यासों का क्या हाल होता होगा और उन्हें कैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी समस्या यह भी है कि जिले के कई गांवों में पीएचई की विभाग द्वारा संचालित नलजल योजना सिर्फ सफेद हांथी साबित हो रही है। इस योजना के तहत गावों में लाखों रूपए की राशि खर्च कर विशालकाय पानी की टंकी तो बना दी गई है लेकिन यह प्यासों की प्यास नहीं बुझा पा रही है।

**अंचल के किसान परेशान, दिहाड़ी में रखवार रखकर खेतों से खदेड़े जा रहे बंदर**

# चना की फसल तैयार होने के साथ ही बंदरों की फौज उड़ा रही मौज



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अभी कुछ दिनो पूर्व तक फांके मस्ती के आलम में गवईं गांव के आबादी क्षेत्रों में भोजन-पानी की तलाश में धमा चौकड़ी मचाने और लोगों की मार खाने वाले जंगली बंदरों के अब अच्छे दिन आ गए हैं। इन बंदरों ने खेतों में चना की फसल तैयार होने के साथ ही अब आबादी क्षेत्र छोड़ खेतों की ओर रूख कर लिया और बड़े इतमिनान से सपरिवार हरे चना की दावत उड़ा रहे हैं। लेकिन चना के खेतों में बंदरों के इस उत्पात से किसानो को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्राम कुण्डा सहित आसपास के ग्रामीण किसानो ने बताया कि इस समय खेतों में चना की फसल तैयार हो रही है पौधों में फल लग चुके हैं और उनमें दाने भी आ चुके हैं। लेकिन बंदरों के कारण फसल को भारी नुकसान हो रहा है। किसानो ने बताया कि चना की फसल तैयार होने के साथ ही बंदरों के झुंड आबादी क्षेत्र से चना के खेतों की ओर आ गए हैं इसके अलावा आसपास के जंगलों में रहने वाले बंदरों ने भी खेतों के आस पास ढेरा डाल लिया है। स्थिति ये है कि मौका मिलते ही बंदरों का दल चना की फसल पर टूट पड़ता है। उन्होंने बताया कि बंदर चना खाते भी हैं और पौधों को जड़ सहित उखाड़ भी देते हैं जिससे किसानो को दोहरा नुकसान होता है। किसानो के मुताबिक उन्हें बंदरों से फसल को बचाने के लिए 4-5 हजार रूपए महिने के खर्च पर रखवार रखना पड़ रहा है। उसके बावजूद बंदर मौका मिलते ही फसल में मुंह मार ही देते हैं। कुल मिलाकर फिलहाल बंदर किसानो की नाक में दम करते हुए अच्छे दिनो का भरपूर आनंद लेते नजर आ रहे हैं।